समाचार

स्वच्छता महाअभियान में पहुंचे महापौर, सफाई कार्यो पर दिया मार्गदर्शन

(निगम का स्वच्छता महाअभियान निरंतर जारी, आज वार्ड क्र. 14 पम्प हाउस मैंगजीनभांठा में चलाई गई विशेष स्वच्छता ड्राईव, रोटरी क्लब की सहभागिता लगातार जारी)

कोरबा 21 मार्च 2022 – निगम द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता महाअभियान की कड़ी में आज वार्ड क्र. 14 मैगजीनभांठा में विशेष स्वच्छता ड्राईव चलाई गई तथा साफ–सफाई का कार्य एक अभियान के रूप में संपादित कराया गया। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने मौके पर पहुंचकर साफ–सफाई कार्यो का निरीक्षण किया तथा स्वच्छता कार्य में संलग्न कर्मचारियों का साफ–सफाई कार्यो पर मार्गदर्शन प्रदान किया। आज भी रोटरी क्लब के सदस्यों ने स्वच्छता ड्राईव में अपनी सहभागिता दी तथा साफ–सफाई के प्रति लोगों को जागरूक किया।

यहॉ उल्लेखनीय है कि महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद एवं आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय के मार्गदर्शन में नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा विगत 10 फरवरी से आगामी 31 मार्च तक कोरबा शहर में निर्धारित कार्ययोजना के तहत स्वच्छता का महाअभियान चलाया जा रहा है। इस कड़ी में आज वार्ड क्र. 14 अंतर्गत आने वाले मैगजीनभांठा बस्ती में विशेष स्वचछता ड्राईव चलाई गई, इस दौरान नालियों की सतह से सफाई, सड़क के किनारे एवं नालियों में उगी घांस, बर्म एवं झाड़ियों की सफाई, उत्सर्जित कचरे का तुरंत उठाव व परिवहन सहित अन्य स्वच्छता संबंधी कार्य एक अभियान के रूप में कराए गए। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने स्थल पर पहुंचकर स्वच्छता कार्यो का बारीकी के साथ अवलोकन किया तथा साफ–सफाई कार्यो के संबंध में अधिकारी कर्मचारियों का मार्गदर्शन किया। इस दौरान पूर्व पार्षद रामगोपाल यादव, स्वास्थ्य अधिकारी

सुनील वर्मा, सहायक अभियंता एच.आर.बघेल, स्वच्छता निरीक्षक उत्तम दास आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।

<u>बस्ती का भ्रमण कर जानी समस्याएं</u>– इस दौरान महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने बस्ती का पैदल भ्रमण कर बस्तीवासियों से भेंट की एवं उनकी समस्याओं पर चर्चा करते हुए समस्याओं की जानकारी ली। उन्होने विभिन्न छुट–पुट समस्याओं की जानकारी प्राप्त होते ही उसके त्वरित निराकरण के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

<u>रोटरी क्लब लगातार दे रहा सहयोग</u> – स्वयंसेवी संगठन रोटरी क्लब के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने आज भी निगम के स्वच्छता महाअभियान मे अपनी सक्रिय सहभागिता दी। क्लब के पदाधिकारी पारस जैन, विक्रम अग्रवाल, प्रेम गुप्ता, नितिन चतुर्वेदी, मनीष अग्रवाल, प्रशांत मुरारका, पवन अग्रवाल सहित अन्य सदस्यों ने साफ–सफाई कार्यो में हिस्सा लिया, जनजागरूकता टीम के हिस्सा बने तथा डोर–टू–डोर जाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।